# शासकीय योजना, कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन का दैनिक जीवन में नजर आता है सीधा असर : विधायक दिनेश राय

## सिवनी में पत्र सूचना कार्यालय का वार्तालाप कार्यक्रम संपन्न

सिवनी (स्वतंत्रमत )

पिछले कुछ सालों में हम देखते हैं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से आमजन के जीवन में सीधा असर दिखाई देता है। यह विचार पत्र सूचना कार्यालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय भोपाल द्वारा सिवनी में एक दिवसीय मीडिया वार्तालाप कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायकदिनेश राय ने व्यक्त किये। अपने उद्बोधन में श्री राय ने कहा कि सरकार ने सड़क, बिजली, सिंचाई ,कृषि योजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय पड़ाव हासिल किए हैं । इनका असर आमजन के दैनिक जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि पहले सिवनी से भोपाल का सफर बहुत लंबा और दुर्गम माना जाता था। लेकिन अब बेहतरीन हाईवे बन जाने के कारण सिवनी से भोपाल महज कुछ घंटे में पहुंचा जा सकता है। उन्होंने उदाहरण देकर अनेक योजनाओं, कार्यक्रमों के बारे में बताया।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि पीयूष दुबे ने केंद्र सरकार की प्रदेश में चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की पहल पर किए जा रहे कार्यक्रमों को प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित कर आम जन के जीवन को सुगम बनाया जा रहा है।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन और उसको लाभ उठाने के विषय में मीडिया आम जनता को जागरूक करती है। मीडिया के सक्रिय सहयोग के कारण ही योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर रूप से हो पाता है, आमजनों तक सूचनाओं के संचार से वह पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ उठा पाते है।इसका श्रेय मीडिया को ही जाता है। उन्होंने कहा जिला प्रशासन का सदैव यह प्रयास होता है कि मीडिया के साथ सक्रिय भागिदारी से आमजनों तक शासन की योजनाऐं एवं सकारात्मक कार्य एवं सूचनाओं का प्रसार कर सकें।

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन में पीआईबी भोपाल के निदेशक मनीष गौतम ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों के विषय में मीडिया के माध्यम से आम जनता तक सही और सारभूत जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न अंचलों और जिलों में वार्तालाप जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों से जहां एक और मीडिया और सरकार के बीच संवाद सेतु का कार्य किया जाता है वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी भी आम जनता तक पहुंचती है। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया के भी उपस्थित रही तथा बड़ी संख्या जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।







कार्यक्रम के दूसरे सत्र में नरेगा, आयुष्मान भारत ,कृषि कल्याण ,मुद्रा योजना सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं के विषय में जानकारी देने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र श्री शेखर बघेल ने भी किसानों के लिए चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम और उनकी उपलब्धियां के विषय में बताया। मनरेगा के परियोजना अधिकारी राहुल सक्सेना ने वीबी जी राम जी के नए प्रावधानों के विषय में बताया।स्वास्थ्य विभाग से संबंधित डॉक्टर प्रदीप गेडाम डी एच ओ ने आयुष्मान भारत सहित अन्य योजनाओं कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। उप परियोजना अधिकारी नितिन गणवीर ने कृषक कल्याण से संबंधित योजनाओं के बारे में बताया। उद्यान विभाग के संतोष बघेल ने भी वार्तालाप कार्यक्रमों में योजनाओं के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम को जिले के उपसंचालक जनसंपर्क राजेश परते, जन अभियान परिषद सिवनीजिला समन्वयक सौरभ शुक्ला एवं सहायक प्राध्यापक सत्येंद्र शेडे ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में योजनाओं के सफल क्रियान्वयन कर अन्य नागरिकों के लिए प्रोत्साहन का काम करने वाले प्रमुख उद्यमियों ने संबोधित किया। इस कड़ी में राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित जैविक किसान श्री प्रदीप रांहगडाले, सिवनी जिले की पहली ड्रोन दीदी सरोज डेहरिया ,मुद्रा लोन की सफल उद्यमी सौफल दीप भलावी और मुद्रा लोन की एक और सफल उद्यमी अंजलि बरमैया ने अपनी सफलता की कहानी बताकर मीडिया के माध्यम से अन्य नागरिकों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि एस. के. धुर्वे, सहायक आयुक्त लाल जी मीणा उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ग्वालियर शाखा के प्रचार अधिकारी अजय सिंह बैंस ने किया। कार्यक्रम में आभार पीआईबी भोपाल के सहायक निदेशक अजय प्रकाश उपाध्याय ने किया।

# चौरसिया मंगल भवन में पूजन-अर्चन कार्यक्रम 27 को



सिवनी (स्वतंत्रमत )

चौरसिया समाज सिवनी के तत्वाधान में आगमी 27 मार्च शुक्रवार को स्थानीय चौरसिया मंगल भवन राधाकृष्ण नगरी बरघाट नाके के पास सिवनी में श्री रामनवमी के पावन पर्व के अवसर पर प्रात: 9 बजे शहर के प्रमुख मंदिर पर पहुंचकर पूजन-अर्चन किया जायेगा, तत्पश्चात प्रात: 11 बजे से श्री श्री 1008 पूज्य डोमन गुरू बाबा (बरई बाबा) मंदिर में हवन-पूजन एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम स पन्न होगा इसके बाद दोपहर 01 बजे से शाम 5 बजे तक सामजिक भोज का कार्यक्रम रखा गया है। चौरसिया समाज के जिला अध्यक्ष मूलचंद चौरसिया एवं पदाधिकारियों के द्वारा जानकारी देते हुए उक्त धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में सभी सामाजिक बंधुओं, माताओं, बहनों, बच्चों, युवाओं, वृद्धजनों से अधिक से अधिक सं या में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

# मां खैरापति मंदिर में 45 वर्षों से अखंडित परंपरा

## 65 कलश स्थापना के साथ भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम

सिवनी (स्वतंत्रमत )

नगर के मंगलीपेठ स्थित कस्तूरबा वार्ड में विराजमान मां खैरापति मंदिर इन दिनों गहन आस्था, श्रद्धा और धार्मिक उत्साह का केंद्र बना हुआ है। बीते लगभग 45 वर्षों से निरंतर चली आ रही इस गौरवशाली परंपरा के तहत इस वर्ष भी पूरे विधि-विधान, मंत्रोच्चार और भक्तिभाव के साथ 21 मार्च को 65 कलश एवं एक विशेष थप्पर कलश की स्थापना की गई। कलश स्थापना के साथ ही मंदिर परिसर और आसपास का पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया है।

कलश स्थापना के बाद से प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा-अर्चना, आरती, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला निरंतर जारी है। बड़ी संख्या में





श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर मां खैरापति के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। पूरे वार्ड में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक वातावरण का अनुभव किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में धार्मिक एकता और सामाजिक समरसता भी मजबूत हो रही है।

आयोजन के अंतर्गत 28 मार्च को विशेष हवन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु, भक्तगण एवं मोहल्लेवासी बड़ी संख्या में शामिल होकर यज्ञ में आहुति देंगे। यह हवन कार्यक्रम आयोजन का महत्वपूर्ण आध्यात्मिक केंद्र रहेगा, जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की जाएगी। कार्यक्रम का भव्य समापन 29 मार्च को कलश विसर्जन के साथ होगा। इस अवसर पर आकर्षक एवं भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सजीव धार्मिक माहौल, रंग-बिरंगी लाइटिंग और आधुनिक डिस्को लाइट की सजावट के बीच श्रद्धालु पूरे उत्साह और उल्लास के साथ शामिल होंगे। ढोल-नगाड़ों, भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण गूंज उठेगा, जिससे पूरे नगर में उत्सव जैसा दृश्य देखने को मिलेगा। कलश विसर्जन के पश्चात प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस भंडारे में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। सभी के लिए प्रसाद की व्यवस्था श्रद्धा और सेवा भाव के साथ की जाती है, जिससे सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश भी प्रसारित होता है। इस संपूर्ण धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में कस्तूरबा वार्ड की महिलाओं, पुरुषों, युवाओं एवं मंदिर समिति के सदस्यों की भूमिका अत्यंत सराहनीय रहती है। सभी लोग तन, मन और धन से सहयोग करते हुए इस परंपरा को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इसके साथ ही नगर के गणमान्य नागरिकों और आसपास के क्षेत्रवासियों का सहयोग भी आयोजन को भव्यता और गरिमा प्रदान करता है।

लगातार 45 वर्षों से अनुशासन, आस्था और सामूहिक सहभागिता के साथ आयोजित हो रहा यह धार्मिक कार्यक्रम न केवल सिवनी की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को सुदृढ़ कर रहा है, बल्कि नई पीढ़ी को भी परंपराओं से जोड़ते हुए एक नई प्रेरणा और कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

# शेमरॉक जैक एंड जिल स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार, पांचवी एवं आठवीं के छात्र रहे अव्वल




सिवनी (स्वतंत्रमत )

स्वर्गीय अभय निगम की कर्मभूमि से संचालित शेमरॉक जैक एंड जिल स्कूल ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणाम देकर अपनी गुणवत्ता सिद्ध की है। हाल ही में घोषित बोर्ड परीक्षा परिणामों में कक्षा पांचवी एवं आठवीं के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल अच्छे अंक प्राप्त किए, बल्कि अनुशासन और परिश्रम का परिचय देते हुए उत्कृष्टता की मिसाल पेश की। इस सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है।

स्कूल संचालिका श्रीमती शेफाली निगम ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। आगे भी विद्यालय इसी तरह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि सरोक जैक एंड जिल स्कूल में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा आठवीं तक के लिए एडमिशन खुले हैं। अभिभावकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए समय रहते प्रवेश सुनिश्चित करें।

विद्यालय की इस उपलब्धि ने क्षेत्र में एक बार फिर उसकी साख को मजबूत किया है और यह साबित किया है कि समर्पित प्रयास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# सहकारी समितियों के निरीक्षण पर पहुंचे अपर आयुक्त अंबरीश वैद्य, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश





सिवनी (स्वतंत्रमत )

सहकारिता विभाग मुख्यालय भोपाल से पहुंचे अपर आयुक्त अंबरीश वैद्य ने अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान जिले की सेवा सहकारी समितियों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने समिति स्तर पर संचालित शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। अपर आयुक्त श्री वैद्य ने सेवा सहकारी समिति बाँकी का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रिकॉर्ड संधारण, खाद-बीज वितरण, ऋण प्रक्रिया एवं किसानों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, अत: इनके संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों को समय पर खाद, बीज और ऋण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान समिति प्रबंधक एस.के. राजपूत, समिति बंडोल के प्रबंधक संदीप साहू एवं समिति वीसावाड़ी के प्रबंधक रितेश राय सहित तीनों समितियों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी से संवाद करते हुए अपर आयुक्त ने कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। दो दिवसीय प्रवास के दौरान अपर आयुक्त द्वारा जिले की अन्य सहकारी संस्थाओं की भी समीक्षा किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है।

# सेना भर्ती अग्निवीर के लिए ऑनलाइन पंजीयन 1 अप्रैल तक

सिवनी (स्वतंत्रमत )

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सिवनी एवं बालाघाट ने जानकारी देकर बताया कि अग्निवीर सेना भर्ती रैली के लिए ऑनलाइन पंजीयन 13 फरवरी 2026 से 1 अप्रैल 2026 तक किये जा रहे हैं।

उन्होंने बताया गया है कि सिवनी एवं बालाघाट जिले के इच्छुक युवा Indian Army में अग्निवीर भर्ती के लिए निर्धारित तिथि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार सेना भर्ती कार्यालय, जबलपुर के दूरभाष नंबर 7247028996 पर संपर्क कर सकते हैं।

# हादसे में एक बुजुर्ग सहित तीन व्यक्ति घायल

सिवनी (स्वतंत्रमत )

जिले के केवलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत झोला ग्राम के पास मंगलवार रात सड़क हादसे में एक बुजुर्ग सहित तीन व्यक्ति घायल हो गए। हादसा दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत के कारण हुई। एक बाइक सवार केवलारी से डोभ ग्राम की ओर जा रहा था। दूसरी बाइक पर सवार दो लोग सहपुरी ग्राम की तरफ जा रहे थे। जब दोनों वाहन झोला ग्राम के पास पहुंचे, तो किसी अज्ञात कारण उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े।तीनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया घायलों में धनीराम विश्वकर्मा (65) और आकाश मारवी (27) को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि रामकुमार विश्वकर्मा (38) को मामूली चोट लगी है। घटना के बाद मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल दो व्यक्तियों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। बाइक भिड़ंत मामले की जांच में जुटी पुलिस सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस द्वारा घटनाक्रम की जांच की जा रही है। केवलारी थाना प्रभारी प्रीतम सिंह तिलगाम ने बताया कि उन्हें बाइकों की भिड़ंत की सूचना मिली थी। मामले की जांच की जा रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। एक घायल के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# बरघाट नगर रहा बंद, व्यापारियों ने बंद को किया समर्थन सिवनी बालाघाट सड़क जल्द बनाने, सड़क पर उतरे लोग

सिवनी (स्वतंत्रमत )

युवा विचार मंच बरघाट के तत्वाधान में सोमवार को बरघाट पूरी तरह बंद रहा, व्यापारियों ने भी बंद को अपना समर्थन देकर सभी प्रतिष्ठान सुबह से ही बंद रखा। सिवनी बालाघाट हाइवे मार्ग का निर्माण कार्य जल्द कराने की मांग को लेकर 23 मार्च 2026 दिन सोमवार को बरघाट सुबह से ही पूर्णत: बंद रहा। हालांकि मेडिकल स्टोर, गैस एजेंसी, पेट्रोल पंप, दूध डेयरी एवं फल दुकानें खुली रही। युवा विचार मंच के तत्वाधान में मुख्यमंत्री के नाम बरघाट तहसीलदार अमृतलाल धुर्वे को ज्ञापन सौंपा गया है। नगर में व्यापारी, जनप्रतिनिधि सामाजिक संगठन कार्यकर्ताओं ने बरघाट बंद को समर्थन देकर सभी प्रतिष्ठान बंद





रखा गया, नगर में सुबह से ही प्रतिष्ठान नाश्ता होटल, भोजनालय, ढाबा, चाय दुकान, किराना दुकान सहित अन्य प्रतिष्ठान पूर्णत: बंद रहे। युवा विचार मंच के कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन कर बरघाट तहसीलदार को 9 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

**9 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन**- सोमवार को बरघाट पूर्णत: बंद रहा बरघाट के साथ साथ ग्रामीण इलाकों में भी बंद असर देखने को मिला धारना और बोरी गांव में प्रतिष्ठान बंद रखे गए। सिवनी से बालाघाट मार्ग पर हो रहे आए दिन सड़क दुर्घटना में लोगों को जान गवाना पड़ रहा है। इसको लेकर युवा विचार मंच बरघाट के तत्वाधान में बरघाट सहित ग्रामीण इलाकों में बंद का असर देखने को मिला, लोगों ने अपनी मांगो के लेकर शांति पूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन किया। क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार बरघाट को 9 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। नगर परिषद के सामने धरना प्रदर्शन के बाद तहसील कार्यालय पैदल जाकर तहसीलदार को ज्ञापन देकर अवगत कराते हुए बताया कि सिवनी बालाघाट हाइवे मार्ग कई वर्षों से जर्जर एवं सकरा है, विगत कुछ वर्षों से यातायात के दबाव के कारण वाहन चलाने यह मार्ग योग्य नहीं है, गड्ढों में तब्दील हो गया है जिससे लोगों को जन धन की हानि हो रही है इस मार्ग पर एम्बुलेंस से मरीजों एवं गर्भवती महिला को अस्पताल पहुंचाने में खांसी दिक्कत हो रही है। सिवनी से बालाघाट बालाघाट के बीच मार्ग के दोनों तरफ साइड सोल्डर गायब है, जल्द से जल्द सिवनी बालाघाट हाइवे मार्ग का निर्माण कराया जाए , सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने तक टोल टैक्स वसूली बंद किया जाए, सड़क पर दुर्घटना से मृत्यु होने पर परिजनों को 25 लाख रुपए देने सहित अन्य मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। बंद को सफल बनाने में देव पवार, राजेंद्र ठाकुर, राधेश्याम टांडेकर, रोहित कुमार पटले, सुनील अग्रवाल, अनुराग पंद्रे सहित नगरवासी एवं क्षेत्रवासियों सराहनीय योगदान रहा है।